झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, रांची–834001

प्रेस विज्ञप्ति

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड के संकल्प ज्ञापांक–8315 दिनांक–16.09.2015, संकल्प ज्ञापांक–3143 दिनांक–13.04.2016 एवं संकल्प ज्ञापांक–7052 दिनांक–17.08.2016 द्वारा आगामी संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा पाठ्यक्रम एवं पद्धति में व्यापक संशोधन किया गया है। तत्पश्चात् कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड द्वारा पूर्व में प्रेषित अधियाचनाओं को वापस लेने के फलस्वरूप पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन सं0–01/2015 (छठी संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा) को रद्द किया जाता है। वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में आवेदन पत्र जमा किया है तथा इस परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, उन्हें पुनः आवेदन देना होगा तथा वैकल्पिक विषयों के चयन की स्वतंत्रता होगी, परन्तु उनसे परीक्षा शुल्क नहीं लिया जायेगा। उक्त परीक्षा **"संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा 2016"** के नाम से आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा के लिये अभ्यर्थियों को नये सिरे से अपना आवेदन निर्धारित समय के अंदर समर्पित करना होगा जिसका निर्धारण आयोग द्वारा किया जायेगा एवं इसकी सूचना ससमय दे दी जायेगी।

2. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची